हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 12 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 22.2 डिग्री
न्यूनतम 10.2 डिग्री

4
अविवादित फौती नामांतरण के प्रकरण अब पंचायत स्तर पर होंगे निराकृत



## खबर संक्षेप

### निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने तहसील कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम, वीवीपीएटी वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील बंद वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयर हाउस में सीसीटीवी के माध्यम से भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था सही पाए गए। कलेक्टर ने वेयरहाउस में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों के सुरक्षा के लिए निरंतर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी सहित राजनीतिक दल के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### युवाओं के लिए मिसाल बने स्वयं सेवक प्रियांश



**जशपुरनगर।** मंगलवार रात को किनकेल घाट पर 5 अज्ञात लोग सड़क पर बेसुध अवस्था में पड़े हुए थे, जिनमें से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। ऐसे में अनेकों लोग वहां से पार हुए, उनकी नजर पड़ी लेकिन कोई भी आगे नहीं आया। जब जशपुर के युवा प्रियांश भगत की नजर पड़ी तो उसने अपने साथियों के साथ जाकर घायलों को उठाया उनका हालत गंभीर देखते हुए उनका प्राथमिक उपचार किया। मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण एंबुलेंस को फोन नहीं लग पा रहा था। ऐसे में प्रियांश ने एक व्यक्ति को अपने बाइक में बैठाकर को जिला अस्पताल जशपुर ले आए और बाकियों के लिए भी एंबुलेंस को सूचना दिया। प्रियांश से पूछा गया कि उन्होंने यह प्राथमिक उपचार करना कब और कहां से सीखा तो उन्होंने बताया कि गत दिनों पहले वो मेरा युवा भारत ( माय भारत) के अंतर्राज्यीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम में भाग लेने हेतु उदयपुर राजस्थान गए हुए जहां उन्हें इसके बारे में बताया गया था। यूवा समाजसेवी सूर्यकान्त चंद्रा जो खुद माय भारत के स्वयंसेवक हैं उन्होंने कहा कि, हमे देश के युवा से आशा है कि जरूरत पड़ने में एक दूसरे के मदद के लिए आगे आए।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16 एवं 17 को सरगुजा में

**जशपुरनगर।** प्रदेश के युवाओं को निजी क्षेत्र में अधिकाधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरगुजा में 16 एवं 17 फरवरी को संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेला में सहभागिता हेतु ऑनलाइन पोर्टल या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में ऑनलाईन पंजीयन कर सकते है। ऐसे आवेदक जिन्होंने ऑनलाईन पोर्टल या छत्तीसगढ़ रोजगार एप में रोजगार पंजीयन एवं रोजगार मेला हेतु पंजीयन नहीं करवाया है, वे पोर्टल पर अपना पंजीयन करवा सकतें है। एवं अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता, पासपोर्ट साईज फोटो, पहचान पत्र, अनुभव प्रमाण पर इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को उपस्थित हो सकतें है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जशपुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

### प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है।

## पीएम आवास भी तोड़ा, दो गिरफ्तार, अन्य आरोपी फरार
# घर में सो रहे परिवार को जेसीबी से कुचलने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरकुंगा में रंजिश को लेकर दबंगों ने जेसीबी लेकर एक घर पर धावा बोल दिया। घर में सो रहे परिवार के साथ मारपीट की गई और शिकायतकर्ता को जेसीबी से कुचलने तक की कोशिश की गई। आरोप है कि हमलावरों ने प्रधानमंत्री आवास को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजकुमार उम्र 55 वर्ष ने 5 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि 4 फरवरी की रात वह परिवार ⏭ शेष पेज 4 पर





### परिजनों और बीच-बचाव करने वालों से भी मारपीट
प्रार्थी के अनुसार आरोपियों ने परिवार के अन्य सदस्यों को भी नहीं बख्शा। बेटे पिताम्बर यादव को लाठी व लोहे की रॉड से पीटा गया। शोर सुनकर पहुंचे सरपंच, बीडीसी और ग्रामीण बीच-बचाव करने आए तो उनसे भी हाथापाई की गई, जिससे कई लोगों को चोटें आईं।

### बाकी की तलाश जारी
पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी पकड़ लिया जाएगा।

### इन धाराओं में केस दर्ज
पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 190, 191, 296, 116(2), 351(3), 109, 324 और 331 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की।

### दो आरोपी गिरफ्तार
त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शंकर राम उम्र 65 वर्ष, निवासी चराईमारा लूनेश्वर यादव उम्र 24 वर्ष, निवासी बहला टोली, चिटक्वाइन को हिरासत में लिया। पूछताछ में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर दोनों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## आमने-सामने भिड़ीं दो बाइक, दो की मौके पर मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





आटापाठ के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। दो घायलों का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार केरे निवासी अर्जुन राम उम्र 40 वर्ष अपने साथी बुधनाथ और अवधेश के साथ जशपुर से मुर्गा लेकर गांव लौट रहे थे। उसी समय किनकेल निवासी अजेश्वर राम अपने साथी दिलीप के साथ दूसरी दिशा से आ रहा था। आटापाठ के समीप दोनों बाइक आमने-सामने आ गईं और जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भिड़ंत के बाद दोनों बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। अर्जुन राम और अजेश्वर राम ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दिलीप सहित अन्य तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को सूचना दी और सभी घायलों को जिला ⏭ शेष पेज 4 पर

## परिवहन विभाग ने पांच वाहनों को किया जब्त

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ मोटरयान कराधान अधिनियम 1991 की धारा 15 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा कर व शास्ति बकाया होने के कारण 05 वाहनों को जप्त किया गया है।

परिवहन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जप्त किए गए वाहनों में भगत बस सीजी 14 जी 0338, सीजी 14 एमएल 0238, चिस्ती बस सीजी 14 जी 0197, हीराहरी बस सीजी 14 एमजी 9461 एवं बस सीजी 14 एमएच 6739 शामिल हैं। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि अधिनियम की धारा के अधीन कोई कर, शास्ति या ब्याज उसी रीति में वसूल किया जा सकेगा जिस रीजि में भू-राजस्व की बकाया वसूल की जाती है। अधिनियम की धारा के अनुसार बकाया कर संबंधित वाहनों के कर, शास्ति एवं ब्याज की वसूली हेतु वाहन एवं उसके उपसाधनों को भू-राजस्व बकाया की भांति कुर्क व जप्त कर नीलाम किया जा सकता है। विभाग द्वारा संबंधित वाहनों के मालिकों को सूचित किया गया है कि 01 सप्ताह के अन्दर बकाया कर जमा नहीं करने पर प्रवधानों के तहत नीलामी की कार्यवाही किया जाएगा।




- एक सप्ताह के अन्दर बकाया कर जमा नहीं करने पर प्रवधानों के तहत वाहनों की जाएगी नीलामी

## आधार अटेंडेंस के फेर में नर्स से 85 हजार की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सरकारी कामकाज में डिजिटल सिस्टम का बढ़ता दायरा अब कर्मचारियों के लिए जोखिम भी बनता जा रहा है। आधार आधारित अटेंडेंस दर्ज नहीं होने की समस्या दूर कराने की कोशिश एक स्टाफ नर्स को भारी पड़ गई। साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से 85 हजार रुपए पार कर दिए। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है। पीड़िता विभा रानी वर्मा के अनुसार, उनके मोबाइल ऐप में लंबे समय से उपस्थिति दर्ज नहीं हो पा रही थी। दिक्कत दूर करने के लिए उन्होंने कार्यालय स्तर पर संपर्क किया। प्रक्रिया के दौरान उनसे ओटीपी मांगे गए। इसी दौरान ठग सक्रिय हो गए और मोबाइल का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया।

साइबर सेल की शुरुआती जांच में सामने आया है कि विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप में एक कर्मचारी के नंबर से 'पीएम किसान'नाम की संदिग्ध एपीके फाइल शेयर की गई थी। सरकारी ग्रुप होने के कारण पीड़िता को भरोसा हुआ और उन्होंने फाइल खोल ली। इसके बाद मोबाइल हैकर्स के कब्जे में चला गया।



- विभागीय ग्रुप से आई संदिग्ध फाइल खोलते ही मोबाइल हुआ हैक
- सिम बंद कर खाते से उड़ाई रकम

**बैलेंस चेक करने पर पता चली ठगी:** बताया गया कि तकनीकी सुधार की प्रक्रिया के बीच उनका सिम बंद हो गया। 3 से 8 फरवरी के बीच खाते से रकम निकाल ली गई। सिम दोबारा शुरू होने और बैलेंस देखने पर ठगी का पता चला।

**निजी मोबाइल पर सरकारी काम:** घटना के बाद कर्मचारियों में नाराजगी है। उनका कहना है कि विभाग डिजिटल उपस्थिति और ऑनलाइन काम अनिवार्य कर रहा है, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नहीं हैं। यदि सरकारी कार्य के लिए मोबाइल जरूरी है, तो सुरक्षित डिवाइस और तकनीकी संरक्षण भी विभाग को देना चाहिए। कर्मचारियों का तर्क है कि निजी फोन के जरिए काम कराने से वे साइबर ठगों के निशाने पर आ रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा की स्पष्ट नीति बननी चाहिए।

**जांच जारी, सतर्क रहने की अपील:** साइबर सेल ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही कर्मचारियों को अनजान फाइल डाउनलोड न करने, ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक से दूर रहने की सलाह दी है।

## सन्ना-चंपा मार्ग का 8 करोड़ की लागत से होगा डामरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के विकास को नई गति देते हुए क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी है। लंबे समय से प्रतीक्षित सन्ना–चंपा मार्ग के डामरीकरण कार्य के लिए शासन द्वारा 8 करोड़ 82 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने जा रही है।



जानकारी के अनुसार सन्ना से चंपा तक लगभग 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग का डामरीकरण किया जाएगा। सड़क के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और अन्य आवश्यक सुविधाओं तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी। बरसात के दिनों में इस मार्ग की खराब स्थिति के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जो अब दूर होने की उम्मीद है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों नेमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण से ग्रामीण अंचल के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जशपुर जिले में लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की नई दिशा दिखाई दे रही है।

## विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम है केंद्रीय बजट: पाणिग्रही

**पत्थलगांव।** केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में पेश किए गए 9 वें ऐतिहासिक बजट को लेकर देशभर के लोगों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है, जिसे ध्यान में रखते हुए भाजपा मंडल पत्थलगांव में 11 फरवरी बुधवार को अग्रसेन भवन पत्थलगांव में आयोजित जिला प्रेसवार्ता के माध्यम से केंद्रीय बजट 2026 की महत्वपूर्ण विशेषताओं को बताने के लिए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही मौजूद रहे।

प्रेसवार्ता के दौरान श्री पाणिग्रही ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने वर्ष 2026–27 का बजट लोकसभा के संयुक्त अधिवेशन में प्रस्तुत किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्येक जिले में प्रेस वार्ताओं के माध्यम से बजट के सार बिंदुओं को जनता तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। किसी भी तथ्य को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य मीडिया का होता है, और यह प्रयास इसी दिशा में एक सार्थक पहल है, ताकि जिले की जनता तक बजट की जानकारी प्रभावी रूप से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि सन 1952 के बाद से देश में निर्वाचित सरकारों की परंपरा ⏭ शेष पेज 4 पर




### विशिष्ट भारत के सपनों को साकार करने का सशक्त रोडमैप
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। यह परिवर्तन सुनियोजित नीतियों, मजबूत इच्छाशक्ति और सतत प्रयासों का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा कि यह बजट केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का सशक्त रोडमैप है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। किसानों के लिए कृषि अवसंरचना, सिंचाई योजनाओं और न्यूनतम समर्थन मूल्य को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इससे छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य को विशेष लाभ मिलेगा। जिससे कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वाश का सपना साकार हो सके।

### 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का मजबूत लक्ष्य
इसी संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी ने वर्ष 2022 से 2047 तक अर्थात अगले 25 वर्षों का लक्ष्य निर्धारित किया है भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का। यह बजट प्रस्तुत करने से पूर्व यह विचार किया गया कि गांव, गरीब और किसान विकसित भारत के निर्माण में किस प्रकार अपना योगदान दे सकते हैं। इसी दृष्टि से एक सशक्त और दूरदर्शी बजट प्रस्तुत किया गया है। पूर्ववर्ती सरकारों ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, लेकिन इस बार केवल वादा नहीं बल्कि ठोस कार्ययोजना के साथ बजट लाया गया है। इस बजट में कार्ययोजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए तीन प्रमुख कर्तव्यों को निर्धारित किया गया है, ताकि भारत वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आर्थिक दृष्टि से और अधिक सशक्त एवं अग्रसर रह सके।

## विधानसभा के दृष्टिगत अवकाश पर प्रतिबंध

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के षष्ठम विधानसभा का अष्टम सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहुत किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा उक्त विधानसभा सत्र के सफल संचालन एवं आवश्यक शासकीय कार्यों के निर्वहन को दृष्टिगत रखते हुए आदेश जारी होने की तिथि से 20 मार्च तक जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्र की अवधि में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय-मुख्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। अत्यावश्यक कार्य अथवा अपरिहार्य परिस्थितियों में अवकाश पर जाना अथवा मुख्यालय छोड़ना आवश्यक होने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा दी जाएगी तथा जिला स्तरीय अधिकारियों के अवकाश की स्वीकृति कलेक्टर से पूर्व में लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अनुमति प्राप्त किए बिना कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव को दी बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने रेस्ट हाउस के उन्नयन कार्य के लिए 95 लाख 10 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस स्वीकृति से रेस्ट हाउस की बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आगंतुकों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पत्थलगांव के किलकिलेश्वर धाम के दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मांग पर रेस्ट हाउस के उन्नयन की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने अपनी घोषणा को पूरा करते हुए रेस्ट हाउस उन्नयन कार्य के लिए राशि स्वीकृत कर दी है। रेस्ट हाउस के उन्नयन से क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं शासकीय कार्यों से जुड़े अधिकारियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही इससे पत्थलगांव क्षेत्र में पर्यटन और विकास गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है । स् था नी य जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- रेस्ट हाउस उन्नयन के लिए 95 लाख रुपए स्वीकृत
- घोषणा पूरी होने पर नगरवासियों ने सीएम साय का जताया आभार

## फूलों की होली में सराबोर हुए श्रीहरि, कीर्तन भवन में उपस्थित हुए श्रद्धालु
# सातवें दिन पूर्णाहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रीहरि कीर्तन भवन में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का मंगलवार को सातवें दिन पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। अंतिम दिन का आयोजन भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से परिपूर्ण रहा। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी और पूरा पंडाल भक्तजनों से खचाखच भरा रहा।

- भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के बीच हुआ समापन, हवन–पूजन व भंडारे में उमड़ी भारी भीड़

सातवें दिन के जजमान आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिन्हा एवं उनकी धर्मपत्नी प्रेमलता सिन्हा रहीं। विधिवत पूजन-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। वृंदावन से पधारे कथावाचक करुणा शंकर महाराज ने श्रीमद भागवत के अंतिम प्रसंगों का अत्यंत मार्मिक एवं प्रेरणादायक वर्णन किया। उन्होंने कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति, सेवा और सदाचार का संदेश देते हुए कहा कि भागवत श्रवण से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है। कथा के समापन ⏭ शेष पेज 4 पर



### भक्ति और आस्था का उमड़ा सैलाब
अंतिम दिन कथा श्रवण के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। कथा स्थल पर बैठने की जगह कम पड़ गई और बाहर तक भक्तों की भीड़ दिखाई दी। आयोजन समिति द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई थी, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद
बुधवार सुबह विधि-विधान से हवन एवं पूर्णाहुति संपन्न की गई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं आहुति के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा। हवन के उपरांत दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो शाम 4 बजे तक चला।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से प्रसाद वितरण किया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन एवं व्यवस्था सराहनीय रही।

## स्वयंसेवकों ने दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश




**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भुड़केला में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। 7 फरवरी से शुरू हुए इस शिविर में स्वयंसेवकों ने प्रभात फेरी, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को सकारात्मकता और सामाजिक सुधार का संदेश दिया। दिन की शुरुआत प्रेरणादायक प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ₹हम होंगे कामयाब₹ गीत के माध्यम से गाँव में उत्साह का संचार किया। इसके पश्चात श्रमदान के अंतर्गत चैलीपाट क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों और हैंडपंपों के आसपास सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो जिला संगठक एवं कुनकुरी महाविद्यालय के प्राचार्य उपस्थित रहे, जिन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण और गणतंत्र दिवस परेड जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप



### स्कूली बच्चों को पिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जिले में 10 से 25 फरवरी तक 2 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को फाइलेरिया बीमारी से बचाव हेतु दवा का सेवन कराया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय पतरापाली में फाइलेरिया रोधी दवा वितरण एवं सेवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने उत्साह के साथ दवा का सेवन किया। बच्चों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करने हेतु विद्यालय के शिक्षकों ने पहले स्वयं दवा का सेवन किया, जिसके बाद विद्यार्थियों ने बिना किसी भय और संकोच के दवा ली। इस अवसर पर शिक्षक योगेश साहू ने विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण एवं रोकथाम के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी और बताया कि नियमित दवा सेवन से इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। इस दौरान प्रधानपाठक केके यादव, शिक्षक महेन्द्र पटेल, अनिता सिंह, योगेश साहू, स्वास्थ्य विभाग से एमटी. लालमुनी सिंह, मितानिन सरोज पटेल, सोनिया सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### एनएसयूआई ने छात्र कौशल प्रतियोगिता का किया आगाज



**सूरजपुर।** देश के महापुरुषों की याद में एक कदम छात्रों के कौशल विकास की ओर की सोच को लेकर एनएसयूआई द्वारा आयोजित छात्र कौशल प्रतियोगिता के रजिस्ट्रेशन के लिए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने अपनी टीम के साथ शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, वेटनरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, आईटीआई महाविद्यालय एवं शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय में जाकर छात्रों को प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देकर रजिस्ट्रेशन कराया। इस दौरान अफरोज अंसारी, प्रदेश सचिव लिवनेश सिंह, यशवंत सिंह, मनोज सिंह, ललित सिंह, सोमू खान, निलेश एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पलंग से गिरने पर गंभीर मासूम की मौत

**अम्बिकापुर।** पलंग से गिरने से गंभीर हुए मासूम की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सोनहत थाना अंतर्गत ग्राम महोरा निवासी जितेन्द्र सूर्यवंशी के 9 माह के पुत्र सूर्या सूर्यवंशी को परिजन 8 फरवरी को पलंग पर सुलाकर काम कर रहे थे। इसी दौरान मासूम अचानक पलंग से नीचे गिर गया जिससे गंभीर रूप घायल हो गया। परिजन मासूम को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### रिटायर्ड पदाधिकारियों को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के संभागीय अध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय तथा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी के सेवानिवृत्त होने पर जनपद कार्यालय के सभाकक्ष में संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। जिला संयोजक कमलेश सोनी ने दोनों पदाधिकारियों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया एवं उनके योगदान की प्रशंसा की। अवकाश प्राप्त पदाधिकारियों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान डॉ.सीके मिश्रा, डॉ.अजय अग्रवाल, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिन्हा, एमएस आजाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

**जरूरत के अनुसार पानी उपलब्ध नहीं कभी भी निर्मित हो सकती है संकट**

### 90 फीट गहरे ट्यूबवेल के सहारे चल रही व्यवस्था

# राशि लेने के बाद पीएचई के अधिकारी भूले विवि के भकुरा परिसर में जलागार बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

स्थापना के 17 साल बाद भी संत गहिरा गुरू विवि को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी है। जनप्रतिनिधियों से वर्षों गुहार लगाने के बाद भी जब स्थिति नहीं बदली तो अधिकारी जैसे-तैसे भकुरा परिसर में प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। अन्य भवनों एवं आवासीय परिसर को भी आबाद करने की तैयारियां चल रही हैं लेकिन परिसर में पर्याप्त पानी की अनुपलब्धता बड़ी चुनौती बनी हुई है।

एसजीजीयू के भकुरा परिसर में अभी तक प्रशासनिक कार्यालय सहित अन्य आवश्यक भवनों का निर्माण पूरा नहीं हो सका है। कोई अन्य वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकारी अपनी इच्छाशक्ति से जैसे-तैसे प्रशासनिक कार्यालय का संचालन कर रहे हैं। विवि प्रबंधन द्वारा बेहद विपरीत परिस्थितियों में संचालित यूटीडी के विभागों को भी आगामी महीने से भकुरा परिसर में संचालित करने की तैयारियां की जा रही है। सूनसान परिसर के आवासीय भवन में कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी लम्बे समय से निवासरत हैं। कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले भी आवासीय भवन का अधूरा कार्य पूरा होने के बाद परिसर में ही निवास करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों की इस पहल से विवि परिसर को आकार देने सहूलियत होगी लेकिन पेयजल की उपलब्धता अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।

शासन द्वारा लोनिवि को भवन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने वर्ष 2016 में राशि उपलब्ध कराई गई थी। लोनिवि ने जलागार निर्माण के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को स्वीकृत राशि 1.20 करोड़ में से 25 लाख रूपए प्रदान की थी। भवन निर्माण के लिए पीएचई ने परिसर के अलग-अलग स्थानों पर 25 से अधिक ट्यूबवेल का खनन कराया लेकिन 4 स्थानों पर ही पानी निकला। 90 फीट गहरे 4 ट्यूबवेल से अब तक के निर्माण पूरे किए गए। अभी भी इन्ही संयंत्रों से पेयजल सहित अन्य जरूरतें पूरी की जा रही है। परिसर के पहाड़ी इलाके के भूगर्भ में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण कभी भी पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। उपलब्ध पानी को भी अपर्याप्त बताया जा रहा है। जलागार की जरूरत महसूस करने के बाद अधिकारी विभाग से पत्राचार भी कर रहे हैं लेकिन अभी तक इस बड़ी समस्या का निराकरण नहीं हो सका है। पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण गर्मी के मौसम में अधिकारी-कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विवि के पास राशि भी उपलब्ध नहीं है जिससे जलागार का निर्माण कराया जा सकते।



**की जा रही है पहल**

भकुरा परिसर में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है तथा कभी भी संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। शासन की जल आवर्धन योजना के माध्यम से पानी आपूर्ति करने की पहल की जा रही है। स्वयं सेवको के माध्यम से परिसर की खाई में कच्चा बांध बनाने की दिशा में भी पहल की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी, कुलसचिव, एसजीजीयू

#### पानी के लिए लम्बा सफर

पहाड़ी पर स्थित विवि के भकुरा परिसर में समतल भूमि की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय एवं आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है। जहां पानी उपलब्ध है वहां से अन्य भवनों की दूरी अधिक होने के कारण कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को लम्बा सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या के निराकरण के लिए हरेक भवन में पानी की उपलब्धता को आवश्यक माना जा रहा हैं जो बिना जलागार बने संभव नहीं है।

#### पहाड़ी के नीचे चार खाइयां

भकुरा परिसर में पहाड़ी से घिरी चार खतरनाक खाइयां हैं। इस खाई में प्राकृतिक जल स्त्रोत भी है। गहरी खाइयों के किनारे कच्चा-पक्का बांध बनाकर बरसात के पानी को जमाकर जल समस्या का निराकरण किया जा सकता है। विवि के अधिकारी भी इस संबंध में लम्बे समय से विचार कर रहे हैं लेकिन राशि के अभाव में काम आगे नहीं बढ़ रहा है। विवि प्रबंधन ने परिसर में रासेयो का विशेष शिविर आयोजित करने एवं स्वयंसेवकों के सहयोग से कच्चा बांध बनवाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत भकुरा में जल आवर्धन योजना के तहत घर-घर पानी की आपूर्ति की जा रही है। अधिकारी इसी योजना के तहत विवि परिसर में भी पानी उपलब्ध कराने की पहल कर रहे हैं।

## भारतीय ज्ञान परंपरा का पूरा विश्व मानता है लोहा : प्रो.सारस्वत



**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विवि द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का महत्व विषय पर पंडित सुदंरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो.वीरेंद्र कुमार सारस्वत एवं ख्याति प्राप्त शिक्षाविद विजय मैराल के आतिथ्य एवं एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में 7 फरवरी को सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजित की गई।

कार्यशाला में पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि के कुलपति प्रो.सारस्वत ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा काफी समृद्ध रही है तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के समृद्धि का पूरा विश्व लोहा मानता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में हमारे मनीषियों के विज्ञान सहित अन्य सभी विषयों के शोध उपलब्ध हैं जिनके परिशीलन से हमारे जीवन में व्यापक बदलाव आ सकता है। शिक्षा नीति में भौतिक शिक्षा के साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में नैतिक शिक्षा पर काफी बल दिया गया। नैतिक शिक्षा को राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल करने पर ही इसे सक्षम एवं प्रभावकारी बनाया जा सकता है। शिक्षाविद विजय मैराल ने कहा कि भारत में विज्ञान की उज्ज्वल परंपरा रही है। कई बड़े-बड़े आविष्कार भारत में हुए परंतु महत्वपूर्ण आविष्कारों के पेटेंट विदेशियों द्वारा पंजीकृत करा लिए गए। आयुर्विज्ञान के कई महत्वपूर्ण आविष्कार चरक, सुश्रुत जैसे ख्याति प्राप्त आयुर्विज्ञान वैज्ञानिकों द्वारा किए गए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश विज्ञान के दृष्टिकोण से किए जाने से शिक्षा में एक नवीन ऊर्जा का संचार होगा। यह ऊर्जा भारत देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में उन्नति करने में सहायक होगी। एसजीजीयू के कुलपति प्रो.राजेन्द्र लाकपाले ने कहा कि पुरातन समय में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार गुरूकुल पद्धति से शिक्षा अर्जित की जाती थी, गुरुकुल पद्धति से शिक्षा प्राप्त करने से छात्रों का केवल बौद्धिक ही नहीं अपितु शारीरिक एवं मानसिक विकास भी संभव था। अंत में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने कहा कि गाय के गौमूत्र एव गोबर पर शोध के माध्यम से भारती ज्ञान परंपरा के समावेश से विज्ञान में शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। वंदे मातरम के गायन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शताब्दी वर्ष के अवसर पर सशिमं में खंड स्तरीय युवा सम्मेलन




**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर युवा सम्मेलन का आयोजन खंड स्तर पर सरस्वती शिशु मंदिर बिश्रामपुर में संपन्न हुआ,बिश्रामपुर खंड अंतर्गत सभी ग्रामों के प्रतिभावान युवाओं एवं युवतियों का सम्मेलन किया गया,सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में ध्येयनिष्ठ कार्य,लक्ष्य जीवन की ओर अग्रसर करना, युवा में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करना,समाज के विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे युवाओं को संघ दर्शन करना,युवाओं में अपनी संस्कृति परंपरा का सम्मान और गर्व हो आयोजन का मुख्य उद्देश्य था,कार्यक्रम में वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित रहे,मुख्य अतिथि के रूप में युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर अभिषेक सिन्हा एवं सुश्री माधुरी देवांगन मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता ने कहा कि देश के विकास और सुरक्षा में युवाओं की अहम भूमिका है,युवाओं में सकारात्मक विचार समाज के भविष्य का निर्धारण करते हैं,युवाओं में संस्कार हो, युवा चरित्रवान हो इसके लिए घर परिवार और समाज की अहम भूमिका होती है,राष्ट्र की ऊर्जा युवा मन और युवा विचार होता है,युवाओं को अगर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करनी है तो पूर्णता नशे से दूर रहना पड़ेगा।जिज्ञासा समाधान में युवाओं के द्वारा अनेकों प्रश्न किए गए जिसमें मुख्य वक्ता के द्वारा सभी प्रश्नों के सटीक उत्तर दिए गए। सम्मेलन में प्रतिभावान युवाओं द्वारा भजन, गीत संगीत, नृत्य का आयोजन किया गया जो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा,आयोजन में सह जिला संघचालक सत्यम गर्ग, धर्मजागरण प्रांत प्रशासनिक प्रमुख ठाकुर राजवाडे,निलेश नाविक,विजय शर्मा, खिलेन्द वैष्णव, सह खंड कार्यवाह योगेंद्र राजवाडे, रचना सिंह, शशि राजवाड़े, तीरथ राजवाड़े,विवेक जायसवाल, अमित मित्तल,श्यामू साहू,देवा राजवाड़े, चंदन गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

## पुण्यतिथि पर राजमाता देवेन्द्र कुमारी को दी गई श्रद्धांजलि




- कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि के साथ ही प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण

**अंबिकापुर।** राजमाता स्व. श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव की 6वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धांजली दी गई। इस दौरान उनके ज्येष्ठ पुत्र पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरगुजा रियासत के महाराज टीएस सिंहदेव भी उपस्थित थे। राजमाता स्व. श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव का निधन वर्ष 2020 में लंबी बीमारी के उपरांत हो गया था। उनका जन्म हिमाचल प्रदेश के जुब्बल राज परिवार में हुआ था।

अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव एवं सरगुजा महाराज स्व. एमएस सिंह देव से विवाह के बाद वे सरगुजा आई थीं। सरगुजा में उन्होंने पूरा वक्त बिताया। यहीं से उन्होंने राजनीति की शुरुआत भी की थी। कांग्रेस की राष्ट्रीय नेत्री स्व. देवेंद्र कुमारी सिंह देव एक बार अंबिकापुर व एक बार बैकुंठपुर से विधायक भी रहीं। अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रकाशचंद्र सेठी व अर्जुन सिंह के मंत्री मंडल की वे मंत्री रहीं। उन्हें आवास, पर्यावरण, मध्यम सिंचाई, वित्त विभाग की जवाबदारी दी गई थी। महाराज स्व. एमएस सिंहदेव के शासकीय सेवा में होने के कारण उन्होंने सरगुजा जिले की सभी राजनैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों को सम्भाल लिया था। सत्तर और अस्सी के दशक में एक महिला होने के बावजूद इस दौरान उन्होंने तत्कालीन सरगुजा जिले के चप्पे-चप्पे का दौरा कर औपचारिक रूप से कांग्रेस के मजबूत संगठन की आधारशिला रखी थी। उनकी राजनैतिक स्मृतियों को याद करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आज से 50-60 वर्ष पूर्व के राजनैतिक दौर में उन्होंने संगठन विस्तार के दौरान जिन राजनैतिक युवा तुर्को को संवारा था वे आज सरगुजा में कांग्रेस के अगुआ हैं। राजीव भवन में श्रद्धांजलि उपरांत प्रतीक्षा बस स्टैंड चौक पर पूर्व महाराज स्व. एमएस सिंहदेव एवं स्व. राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव के युगल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत माँ महामाया मंदिर में आयोजित भंडारे में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान डॉ. प्रेमसाय सिंह, अजय अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, डॉ. अजय तिर्की, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, मो. इस्लाम, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, सत्येन्द्र तिवारी, जगन्नाथ कुशवाहा, मधु दीक्षित, इरफान सिद्दीकी, मुनेश्वर राजवाडे, दुर्गेश गुप्ता, सीमा सोनी, हेमंत तिवारी, संजय विश्वकर्मा, एपी सांडिल्य, रसीद अहमद अंसारी, विजेन्द्र गुप्ता, लालचंद यादव, लक्ष्मी गुप्ता, संजीव मंदिलवार, अनूप मेहता, आशीष वर्मा, लोकेश कुमार, गुरुप्रीत सिद्धू, जीवन यादव, रजनीश सिंह, अमित सिन्हा, अविनाश कुमार, मो. बाबर, मेराज रंगरेज, मिथुन सिंह, परवेज आलम गांधी, मंजू सिंह, संगीता मिंज, सावित्री ठाकुर, जिलानी खान, शकीला सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की घोषणा



**अम्बिकापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल निराला उरांव ने भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की है। संगठन द्वारा भाजपा किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष जितेश्वर पाठक, अजीत सिंह, जय सिंह, सुनील तिवारी तथा रेमीलाल राजवाड़े, महामंत्री महेंद्र सिंह और अनिल तिवारी, मंत्री विक्की सोनी, मनोज यादव, दिवस दुबे, विष्णुलाल राजवाड़े और प्रदीप अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं सह कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, कार्यालय मंत्री सतीश सिंह एवं सह कार्यालय मंत्री आदित्य राजवाड़े, मीडिया प्रभारी रूपेश गुप्ता एवं सह मीडिया प्रभारी महेश यादव को नियुक्त किया गया है। किसान मोर्चा महामाया मंडल का अध्यक्ष सत्यम सिंह, समलाया मण्डल दिलीप विश्वास, अम्बिकापुर ग्रामीण रामपहल राजवाड़े, लखनपुर अवधेश कुमार यादव, देवगढ़ खेलावन निषाद, रामगढ़ कैलाश सिंह, लुण्ड्रा अरविंद गुप्ता, धौरपुर बालीप्रसाद यादव, परसा समीर मण्डल, दरिमा कमलेश राजवाड़े, कुन्नी सत्यनारायण यादव, सीतापुर ओमप्रकाश गुप्ता, बतौली संजय यादव, राजपुर जागेश्वर अगरिया, मैनपाट कर्मातासी तथा विरेंद्र कुमार सिंह को नवागढ़ मण्डल को बनाया गया है। संगठन द्वारा कार्यसमिति सदस्य विशेष आमंत्रित सदस्यों एवं स्थाई आमंत्रित सदस्यों की भी सूची जारी की गई है।

## पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक ने क्वार्टर में लगाई फांसी, कारण अज्ञात



- विभाग से तीन दिवस की छुट्टी लेकर अपने चोपड़ा कॉलोनी स्थित क़्वार्टर में रहने आया था आरक्षक

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जिले में पुलिस लाइन में पदस्थ 36 वर्षीय आरक्षक ने अपने क्वार्टर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है,घटना से पुलिस महकमे सहित क्षेत्र में शोक का माहौल बन गया है,आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है,हालांकि प्रारंभिक जांच में शराब की लत और आर्थिक तंगी की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार चोपड़ा कॉलोनी,बिश्रामपुर स्थित बिलासपुरिया लाइन के क्वार्टर नंबर 788 में रहने वाले आरक्षक अंतोश खलखो (36 वर्ष),पिता स्वर्गीय नवल साय,बैच नंबर 842, जिला बल सूरजपुर में पदस्थ थे,वर्तमान में वे विगत दो माह से मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में शॉर्ट टाइम ड्यूटी पर तैनात थे। बताया गया कि आरक्षक अंतोश खलखो सोमवार को तीन दिनों का अवकाश लेकर अपने क्वार्टर पहुंचे थे। शाम को वे घर के बाजू स्थित ससुराल में भोजन करने के बाद अपने क्वार्टर लौट आए, सोमवार की रात करीब 10 बजे जब उनकी पत्नी आशा खेस ससुराल से वापस अपने घर लौटी,तो उसने सामने वाले कमरे में अपने पति को पंखे से लोहे तार के सहारे बने फंदे पर लटका हुआ देखा।घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्पश्चात लोगों ने तत्काल आरक्षक को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहनता से जांच कर रही है। मृतक आरक्षक अपने पीछे पत्नी और एक पांच वर्षीय बेटी को छोड़ गया है।

## फांसी लगाने से गंभीर महिला की मौत परिजन ने लगाया हत्या का आरोप



**अम्बिकापुर।** पति के साथ हुए विवाद के बाद महिला ने बाथरूम में फांसी लगा ली। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। इधर मृतिका ने हत्या कर फांसी का रूप देने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

लटोरी अंतर्गत ग्राम द्वारिकानगर बैगापारा निवासी फूल कुमारी चौधरी पति गिरधर चौधरी (37 वर्ष) फुदुरडिहारी में पति व बच्चों के साथ रहती थी। सोमवार को अज्ञात कारण से घर के बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पति ने पुलिस को बताया कि सोमवार को बड़े पुत्र रूद्र का जन्म दिन था और वह घूम कर दिन 12 बजे घर पहुंचा तो मां फूल कुमारी फटकार लगाते हुए कुकर उसके ऊपर फेंक कर बाथरूम में जाकर फांसी लगा ली। इधर मृतिका के पिता सीतापुर निवासी तीरथ राम चौधरी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया कि बेटी फूल कुमारी का विवाद गिरधर के बड़े भाई मणिकांत से किया था लेकिन गिरधर अपनी भाभी को भगाकर ले आया और दो साथ रहने लगे। दोनों से दो पुत्र है। इसी बीच गिरधर अक्सर फूल कुमारी के साथ किसी ने किसी बात को लेकर प्रताड़ित करने के साथ मारपीट करता था। तीरथ राम ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी की हत्या कर फांसी का रूप दे दिया गया है।

### कलेक्टर ने रामभांठा के पीडीएस दुकान का किया निरीक्षण

रायगढ़। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस की पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकानए रामभांठा का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दुकान में उपलब्ध व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया और मौके पर मौजूद हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से फिंगरप्रिंट सत्यापन और ई.पॉस मशीन में किसी भी तकनीकी समस्या की जांच की और इसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## 20 मार्च को मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**अंबिकापुर।** झूलेलाल जयंती को लेकर सिंधी समाज की बैठक आयोजित की गई। स्थानीय सिंधु भवन में आयोजित बैठक के दौरान सिंधी समाज, सिंधी महिला मंडल एवं समाज के वरिष्ठजन सहित युवाओं ने 20 मार्च को सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान श्री झूलेलाल जी का जन्मदिन चेट्रीचंड्र महोत्सव 2026 के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

साथ ही सिन्धी समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी एवं समाज के वरिष्ठजन के संरक्षण में सिंधी नवयुवक मंडल कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से नवयुवक मंडल का अध्यक्ष नितिन रेलवानी को चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष हरिश आहुजा एवं हरिश वाटवानी, सचिव शुभम राजपाल, कोषाध्यक्ष यष नागदेव एवं महासचिव विनय मंगलानी बनाए गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष झूलेलाल जयंती उत्सव के कार्यक्रम 7 दिन चलेंगे। जिसमे सिंधी प्रिमियर लिग क्रिकेट मैच, आनन्द मेला, नव वर्ष के उपलक्ष्य पर घड़ी चौक में भव्य दीप प्रज्वलन, स्कूटर रैली, बच्चों की अनेक प्रतियोगीता, मेघावी छात्रों को प्रोत्साहित, शंकरघाट सफाई अभियान तथा 20 मार्च को सिन्धु भवन में विशाल लंगर का आयोजन कर उसी दिन शाम को भव्य शोभायात्रा एवं पवित्र ज्योती वीसर्जन होगा जिसमे धमाल बैंड और सिन्धी डांडिया मुख्या आकर्षक का केंद्र रहेंगे। बैठक मै समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी , सचिव संजय मनवानी सहित अन्य पदाधिकारी, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योती पोपटानी एवं सदस्य सम्मलीत हुये।

## नुक्कड़ नाटक कर बाल विवाह मुक्ति पर दिया गया संदेश

**सूरजपुर।** राज्य स्तर से संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत आज जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग, यूनिसेफ एवं एग्रिकोन फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में राज्य से नाट्य एवं लोक कला समिति शहडोल की टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। अग्रसेन भवन व रेवती रमन कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक के साथ मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की भी विस्तृत जानकारी लोगों को दी गई। नाटक के माध्यम से लोगों को बाल विवाह न करने का संदेश दिया गया तथा बताया गया कि लड़की की विवाह की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंड के प्रावधानों की भी जानकारी दी गई।





# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।



## लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

## हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

## टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें



जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।

# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक*** : 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।



## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

***नई दिल्ली।*** *सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



## 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

## शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

## 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

## खबर संक्षेप

### दुकानों की नीलामी से युवाओं में उत्साह

**पुसौर।** नपं द्वारा बाजार परिसर, बोरोडिपा परिसर, मेन रोड पर दर्जनों दुकानों का निर्माण किया गया है। जिसे नगर पंचायत द्वारा नीलामी प्रक्रिया के जरिए नीलाम कर युवाओं के हाथ सौंप रही है इसलिए युवाओं में एक उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञात हो कि रोड किनारे के दुकानों को किराए में लेने के लिए युवाओं को बहुत ही तकलीफों का सामना करना पड़ता है। अपने मन माफिक रोजगार अपना नहीं सकता वहीं कब मकान मालिक वहां से हटा देगा इसका भी ठीकाना नहीं रहता है। सरकारी दुकान मिल जाने से वह अपने इच्छा अनुसार दुकान में सामान लाकर अपनी दुकानदारी कर सकता है। इस तथ्य पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी और सीएमओ ललित साहू ने कहा कि समय सीमा में दुकान नीलामी प्रक्रिया में लोग शामिल हो सकता हैं।

### पानी छिड़काव के साथ हो रही सड़कों की सफाई

**राउरकेला।** राउरकेला महानगर निगम द्वारा नियमित रखरखाव के तहत शहर की प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी के छिड़काव के माध्यम से सफाई कार्य किया जा रहा हैए ताकि नागरिकों को स्वच्छ और धूल मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। हालांकि इस व्यवस्था की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर समय-समय पर सवाल खड़े होते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि सफाई एवं रखरखाव से जुड़े कई कार्य निजी एजेंसियों को आउटसोर्सिंग के माध्यम से सौंपे गए हैं, जिससे खर्च और कार्य गुणवत्ता के बीच संतुलन को लेकर संदेह उत्पन्न हो रहा है। कुछ नागरिक संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि कार्य निष्पादन, बिल भुगतान और जमीनी स्तर पर किए जा रहे वास्तविक कार्यों की निगरानी में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे भ्रष्टाचार और फर्जीवाड़े की आशंका बनी रहती है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आमने-सामने भिड़ीं ...

अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने अर्जुन राम और अजेश्वर राम को मृत घोषित कर दिया। दिलीप की हालत चिंताजनक होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए रेफर किया गया है। बाकी दो का उपचार जारी है। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। रो-रोकर उनका बुरा हाल है। गांव में शोक की लहर है और लोग इस दर्दनाक हादसे से स्तब्ध हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह तेज रफ्तार और लापरवाही मानी जा रही है।

### विकसित भारत की ...

प्रारंभ हुई। प्रत्येक वर्ष सरकार संसद के समक्ष वित्तीय विवरण प्रस्तुत करती है, जिसके माध्यम से देश की आय और व्यय का संचालन किया जाता है। किंतु इस वर्ष का बजट एक मूलभूत अंतर के साथ सामने आया है। सन 2022 में, जब देश ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण किए, तब लाल किले से प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी भारत अभी विकसित राष्ट्र नहीं बन पाया है, बल्कि विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर महामंत्री मनीष अग्रवाल , पूर्व जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, अनिल मित्तल, मण्डल अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष युवामोर्चा अवधेश गुप्ता, प्रवीण अग्रवाल, सुरेश साहू, जितेन्द्र अग्रवाल, अरुण यादव, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सातवें दिन पूर्णाहुति ...

अवसर पर श्रद्धालुओं के साथ फूलों की होली खेली गई। जैसे ही पुष्प वर्षा प्रारंभ हुई, पूरा पंडाल भक्तिरस में डूब गया। "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे सभी फूलों की होली में सहभागिता करते नजर आए। इस दिव्य दृश्य ने आयोजन को यादगार बना दिया। इस प्रकार सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा भक्ति, श्रद्धा, सांस्कृतिक उल्लास और सामाजिक समरसता के संदेश के साथ संपन्न हुई। नगरवासियों ने आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कथा के समापन पर महाआरती की गई, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया।

---

### विकासखंड फरसाबहार के ग्राम बोखी में जिला स्तरीय सुशासन शिविर

# अविवादित फौती नामांतरण के प्रकरण अब पंचायत स्तर पर होंगे निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोगों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने एवं ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के उद्देश्य से जिले में सुशासन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज फरसाबहार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोखी में जिला स्तरीय सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाए गए, जिनके माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

- लोगों को होगी सहूलियत कलेक्टर

शिविर में भारी संख्या में बोखी सहित आसपास गांव के लोग शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित 94 आवेदन प्रस्तुत किए। जिनका विभागों द्वारा यथासंभव निराकरण भी किया गया। शिविर में कलेक्टर रोहित व्यास एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को विभागीय योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में जानकारी दी। साथ ही जनप्रतिनिधियों ने भी लोगों को संबोधित कर योजनाओं की लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्टर ने शिविर स्थल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर लोगों को लाभान्वित किये जा रहे गतिविधियों की जानकारी ली। शिविर में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे पीएम आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, ट्राइसिकल, हैंडस्टिक, केसीसी कार्ड, सिंचाई पम्प, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, फसल बीज, मछली जाल आदि से लोगों को लाभान्वित किया गया। साथ ही मौके पर आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की। इस दौरान शिविर में जिला पंचायत सदस्य वेद प्रकाश भगत सहित एसडीएम, तहसीलदार, विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे। शिविर में कलेक्टर श्री व्यास ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा है कि समस्त योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले। साथ ही उनके सभी समस्याओं का निराकरण भी हो। इसी उद्देश्य से सुशासन शिविर लगाया जा रहा है। इसके तहत लोगों की समस्याओं का यथा संभव निराकरण भी किया जा रहा है। साथ ही लोगों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।

जिलेवासियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के आवास, जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच पानी, बिजली, सड़क, अस्पताल, स्कूल, शौचालय एवं विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि अब अविवादित फौती नामांतरण एवं आपसी सहमति के खाता बंटवारा के प्रकरण पंचायत स्तर पर ही निराकृत हो जाए। जिससे लोगों को अनावश्यक तहसील कार्यालय के चक्कर काटने न पड़े। इसके लिए पटवारियों को ग्रामीण सचिवालय के दिन गांव में मौजूद रहने के निर्देश दिए गए है। जिससे ऐसे प्रकरणों का आवेदन गांव स्तर में लेकर स्थानीय स्तर पर निराकरण सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निराकरण सुनिश्चित करने पटवारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दी जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास ने आम जनता को यह आश्वस्त किया कि सुशासन शिविर के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी संचालित की जा रही है।



#### कुपोषित बच्चों को भेजें एनआरसी

फरसाबहार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा पोषण पुनर्वास केंद्र का शुभारम्भ किया गया है। वहां गंभीर कुपोषित बच्चों को उनकी माता के साथ रहने की व्यवस्था की गई है। वहां बच्चों को 15 दिन रखकर कुपोषण से मुक्ति के लिए समुचित इलाज किया जाता है। साथ ही बच्चे की मां को 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 15 दिन का मानदेय दिया जाता है। इससे उनके काम का नुकसान नहीं होता और बच्चे का इलाज भी होता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपने आसपास गंभीर कुपोषित बच्चों को एनआरसी भेजने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

**दूध उत्पादन बढ़ाने की अपील** - कलेक्टर ने पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम में भाग लेकर अपने दुधारू पशु के दूध उत्पादन बढ़ाने में सहभागिता की अपील की। कृषि विभाग अंतर्गत शत प्रतिशत किसानों को केसीसी कार्ड बनवाने की जानकारी दी। इससे खाद बीज एवं किसानी के लिए ऋण प्राप्ति की सुविधा मिलती है। कलेक्टर ने मछलीपालन विभाग की जानकारी देते हुए गांव में स्थित डबरी एवं तालाब को मछलीपालन के लिए उपयोग कर आजीविका बढ़ाने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वय वंदना, आयुष्मान भारत एवं विद्युत विभाग अंतर्गत पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना की जानकारी देकर इसका लाभ लेने की अपील की। साथ ही जनप्रतिनिधियों को भी पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेकर अपने आसपास लोगों को भी लाभ लेने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

---



## विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आज जिला कार्यालय जशपुर के सभाकक्ष में संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता संभाग आयुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सरगुजा संभाग नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रोल ऑब्जर्वर द्वारा विशेष रूप से राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति, दावे-आपत्तियों की स्थिति तथा लंबित प्रकरणों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक मे आयुक्त व रोलआब्जर्वर द्वारा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर ष्कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से न छूटे तथा कोई अपात्र व्यक्ति का मतदाता पंजीयन न होष इस हेतु जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपेक्षा की गई।

### पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति पर प्रस्तुतीकरण

बैठक में बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत गणना पत्रक भरने की अवधि 04 नवंबर 2025 से 18 दिसम्बर 2025 तक रही तथा 23 दिसम्बर 2025 को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया गया। दावा-आपत्तियों की सुनवाई 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक संपन्न हुई, जबकि 14 फरवरी 2026 तक उनके निराकरण की कार्यवाही जारी रहेगी। अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। जिले में कुल 2,10,934 लॉजिकल एरर चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 11 फरवरी 2026 तक 2,10,690 का निराकरण कर सुनवाई पूर्ण की जा चुकी है। दावा-आपत्ति के दौरान कुल फॉर्म 06 (10505), फॉर्म 07 (346) एवं फॉर्म 08 (2008) प्राप्त हुए। इनमें से फॉर्म 06 के 5036, फॉर्म 07 के 85 तथा फॉर्म 08 के 778 प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है। शेष लंबित प्रकरणों के निराकरण की कार्यवाही जारी है।

### सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों पर विशेष चर्चा

बैठक में रोल ऑब्जर्वर द्वारा 29 जनवरी 2026 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुपालन पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता पंजीयन से वंचित न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न हो। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि वे अपने स्तर पर भी मतदाता सूची के परीक्षण में सक्रिय सहयोग दें, ताकि पारदर्शी एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार की जा सके। बैठक में उपायुक्त सरगुजा संभाग श्रीमती शारदा अग्रवाल, जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिओम द्विवेदी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नन्द पाण्डेय सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक का समापन किया गया। यह समीक्षा बैठक निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं सहभागी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

---

## राष्ट्रीय एकता शिविर में छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट उपलब्धि

**जशपुरनगर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद में 4 फरवरी से 10 फरवरी तक आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में बालासाहेब देशपांडेय शासकीय महाविद्यालय, कुनकुरी के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रामानुज प्रताप धुर्वे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य की एनएसएस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

देश के विभिन्न राज्यों एवं विश्वविद्यालयों से आए स्वयंसेवकों के मध्य छत्तीसगढ़ की सहभागिता विशेष रूप से सराही गई। शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। भाषण प्रतियोगिता में साक्षी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ की वैचारिक सशक्तता को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। रंगोली प्रतियोगिता में नेहा यादव तथा पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता में उपासना ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर राज्य की रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। इन उपलब्धियों से संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, अंबिकापुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हुआ।




राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत आयोजित रैली में छत्तीसगढ़ टीम ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेशभूषा एवं आभूषण धारण कर सहभागिता की। "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया, पर्यावरण जागरूकता एवं स्वच्छता जैसे नारों के माध्यम से सामाजिक चेतना का संदेश दिया गया। साथ ही सुआ नृत्य, पंथी नृत्य एवं कर्मा नृत्य की सजीव प्रस्तुतियों द्वारा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक-संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली स्वयंसेविका नेहा यादव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि "राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी अनुभव रहा। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को नजदीक से समझने का अवसर मिला। रंगोली प्रतियोगिता में पुरस्कार प्राप्त कर गर्व महसूस हुआ। इस शिविर ने आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत किया।

### निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 3 नए बैच किए जा रहे प्रारंभ

**जशपुरनगर।** नवसंकल्प जशपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं के निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु 03 नए बैच प्रारंभ किए जा रहे हैं। जिसके लिए ऑनलाईन आवेदन की तिथि 10 से 20 फरवरी 2026 तक है। प्रवेश परीक्षा 23 फ़रवरी 2026 को, प्रवेश परीक्षा में सफल होने वाले अभ्यर्थियों का इंटरव्यू 25 फ़रवरी से 28 फरवरी 2026 तक लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा एवं इंटरव्यू के आधार पर 50 छात्रों को हॉस्टल में प्रवेश दिया जायेगा। इनमें 24 छात्र एवं 26 छात्राएं शामिल होगें। अन्य छात्र डे स्कॉलर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें। गूगल फॉर्म के लिंक पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

---

### अवैध महुआ शराब बिक्री करते दो कोचिया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** भटगांव पुलिस ने ग्राम हरदी देवरहा खार में छापामार कार्रवाई कर अवैध महुआ शराब की बिक्री करते दो शराब कोचियों को गिरफ्तार किया है। 09 फरवरी को सूचना मिली कि ग्राम हरदी के दो व्यक्ति देवरहा खार के खेत में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और दोनों आरोपियों को मौके से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में संतोष खूंटे पिता रामायण दास खूंटे, प्रकाश खूंटे पिता विजय खूंटे 26, निवासी ग्राम हरदी, थाना भटगांव शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 85 लीटर महुआ शराब कीमत लगभग 17 हजार एवं 2 मोबाइल कीमत लगभग 15 हजार जब्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## सरगुजा यूनिवर्सिटी ने बस्तर विवि को 2-1 से हराया



**जशपुरनगर।** विद्यासागर विश्वविद्यालय मिदनापुर पश्चिम बंगाल द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय सरगुजा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महेंद्र कर्मा यूनिवर्सिटी बस्तर को 2-1 पराजित किया। मैच में एनईएस कॉलेज की कोमल और गर्ल्स कॉलेज जशपुर की संजना ने टीम के लिए एक एक गोल किए। 9 से 13 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में सरगुजा विश्वविद्यालय टीम प्रतिभागिता कर रही है। मंगलवार को बस्तर यूनिवर्सिटी के साथ खेले गए मैच में सरगुजा टीम ने 85 मिनट तक 2-0 आगे चल रही थी। टीम ने हर क्षेत्र में मैच पर अपनी पकड़ मजबूत बनाकर रखी। टीम ने हाफ टाइम तक डिफेंस पंक्ति को मजबूत रखते हुए अगले हाफ शुरुआत के दो मिनट में शानदार अटैक करते हुए दो मैदानी गोल किया। खेल में ममता और सरगुजा विश्वविद्यालय टीम के कप्तान एंजिल ने रक्षा पंक्ति को मजबूत बनाकर रखा और विपक्षी टीम उस दीवार को तोड़ने में असफल रही। मैच के अंतिम मिनट में बस्तरविश्वविद्यालय की टीम ने एक गोल कर टीम के स्कोर को 1-2 किया। एनईएस महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मनोरंजन कुमार के प्रशिक्षण में और संगीता सिंह अतिथि क्रीड़ा अधिकारी के प्रबंधन में सरगुजा विश्वविद्यालय की टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है।

### भेड़वन अस्पताल को मिला काया कल्प आयुष अवार्ड

**सारंगढ़।** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भेड़वन आयुष को मिला लगातार दूसरी बार उत्कृष्ट कार्य के लिए काया कल्प आयुष अवार्ड राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित कायाकल्प आयुष कार्यक्रम जो 04 फरवरी को आयोजित किया गया था, उसमें जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के एक मात्र एनएबीएच सर्टिफाइड संस्था आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भेड़वन आयुष को स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, भवन एवम परिसर रख रखाव व सौंदर्यीकरण तथा सेवा गुणवता आधारित मानकों के आधार पर एवं जन स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए कायाकल्प आयुष का अवार्ड प्राप्त हुआ। यह अवार्ड स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, आयुष संचालक सुश्री संतन देवी जांगड़े और संयुक्त संचालक द्वारा दिया गया।



---

## गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल हुए छात्र



**पुसौर।** सामाजिक संगठन और शासन भी लोगों को प्रकृति से जोड़ने इन दिनों तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं वहीं बच्चों को जोडने गौ विज्ञान के रूप में परीक्षा आयोजित कर रहे हैं। जिला स्तरीय गौ विज्ञान द्वितीय चरण परीक्षा विकास खण्ड पुसौर के परीक्षार्थियों का अभिनव विद्या मंदिर पुसौर में हुआ। जिसमें 73 परीक्षार्थियों में से 65 परीक्षार्थी उपस्थित थे। नगर पंचायत पुसौर के अध्यक्ष श्रीमती मानी मोहित सतपथी के द्वारा इस गौ विज्ञान परीक्षा कार्यक्रम में आए समस्त परीक्षार्थियों के साथ पालक एवं शिक्षकों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती मानी मोहित सतपथी, कार्यक्रम के अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी, कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चक्रधर पटेल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भरत षड़ंगी, नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव, मंडी अध्यक्ष घनश्याम पटेल, गौ विज्ञान परीक्षा विकास खण्ड पुसौर के संयोजक तिलोचन गुप्ता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के व्याख्याता भोलाराम यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महलोई के वरिष्ठ व्याख्याता खेमानिधी गुप्ता, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विकास खण्ड पुसौर से आए हुए परीक्षार्थी उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का उल्लंघन 93 के खिलाफ कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 93 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही चालकों को नियम का पालन करने हिदायत दी गई है। ज्ञात हो कि पुलिस द्वारा जिले में हो रही है वाहन दुर्घटनाओं के घटना समय का अध्ययन किया गया। जिसके आधार पर विभिन्न थाना क्षेत्र में दिन में दुर्घटना से मृत्यु हो होना पाया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर दोपहर में वाहन चेकिंग का अभियान चलाया गया। इस दौरान 6 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त तेज गति, ट्रिपल सवारी, बिना हेलमेट एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 93 वाहन चालकों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की मार्गदर्शन में कार्यवाही की गई। भिन्न स्थानों पर पॉइंट लगाकर सघन वाहन चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा 9 फरवरी को दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर सख़्त कार्रवाई की गई।

## संगीतमय शिव महापुराण कथा से गूंजेगा नगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

समलाई माता मंदिर परिसर स्थित नव निर्मित शिवालय में महादेव की प्राण प्रतिष्ठा के पुण्यतम अवसर पर संगीतमय शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 11 से 16 फरवरी तक विधि विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं भक्ति रस से ओत प्रोत वातावरण में संपन्न होगा।

यह दिव्य अनुष्ठान फाल्गुन कृष्ण पक्ष में संपन्न हो रहा है, जिसका शुभारंभ 11 फरवरी, बुधवार को कलश यात्रा, देवी पूजन एवं महात्म्य कथा के साथ होगा। इसके पश्चात क्रमशः 12 फरवरी को आदि शिवलिंग पूजन विधिए 13 फरवरी को शिव पार्वती पावन विवाह, 14 फरवरी को द्वादश ज्योतिर्लिंग महात्म्य कथा, 15 फरवरी को महाशिवरात्रि विधि, रुद्राभिषेक एवं कथा विश्राम तथा 16 फरवरी, सोमवार को शिवजी प्राण प्रतिष्ठा, महाहवन, पूर्णाहुति, ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा के दिव्य प्रवक्ता आचार्य मनीष दुबे तेलगुड़ी वाले, बिलासपुर अपनी सिद्ध वाणी, वेदसम्मत व्याख्या एवं भावगर्भित कथा प्रवाह से श्रोताओं को शिवज्ञान, वैराग्य एवं मोक्षमार्ग की अनुभूति कराएंगे। यह समस्त आयोजन स्व. पन्नालाल सोनी की पुण्य स्मृति में तथा माताश्री अनुज देवी सोनी के पावन संकल्प से संपन्न हो रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से रात्रि शिवकथा पर्यंत चलेगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त